आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त


नये जमाने के साथ

# यश भारत

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 57 ● कटनी ●गुरुवार, 31 मार्च, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● चैत्र मास कृष्ण पक्ष-14 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## बड़ा संकट

## आज पृथ्वी से टकराएगा सौर तूफान, खतरा तीन गुना अधिक

**तेजी से बदलेंगे अंतरिक्ष के हालात**

**नई दिल्ली।** हाल ही में सूर्य पर एक विस्फोट के बाद अंतरिक्ष में सौर तूफान उठा। 14 मार्च से यह तेजी से पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है और बृहस्पतिवार को हमारे ग्रह से टकराएगा।नासा के मुताबिक, 21,85,200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आ रहे सौर तूफान के पृथ्वी से टकराने की आशंका 80 फीसदी है। वैज्ञानिकों ने चेताया कि इसकी वजह से आज सुबह-शाम के वक्त रेडियो व जीपीएस सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। इस बार पहले के तूफान की तुलना में खतरा तीन गुना ज्यादा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी का कहना है कि पिछले कई वर्षों में हमने सूरज में काफी कम हलचल देखी है। ऐसा अधिकतर सोलर मिनिमम के दौरान ही होता है, लेकिन अब हम सोलर मैक्सिमम की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। यह 2025 में अधिक तेज होगा। सौर तूफान के कारण धरती का बाहरी वायुमंडल गर्म होने का सीधा असर उपग्रहों पर पड़ेगा। इससे जीपीएस नैविगेशन, मोबाइल फोन सिग्नल और सैटलाइट टीवी में रुकावट पैदा हो सकती है। पावर लाइन में करंट तेज हो सकता है, जिससे ट्रांसफार्मर भी उड़ सकते हैं। आमतौर पर ऐसा कम ही होता है।

# महंगाई का करंट, कांग्रेस का हल्लाबोल

## पेट्रोल-डीजल में दस दिन में 6.40 रु. का बड़ा झटका

**नई दिल्ली।** अब पेट्रोल-डीजल के जरिए अब रोज महंगाई का करंट लग रहा है। आज भी पेट्रोल-डीजल ने 80-80 पैसे का झटका दिया है। गुरुवार को पेट्रोलियम कंपनियों ने ईंधन के नए रेट जारी किए तो जयपुर-अहमदाबाद से पटना और भोपाल से चेन्नई तक पेट्रोल 100 रुपये के पार चला गया। यहां तक कि मुंबई में डीजल भी अब 100 रुपये से अधिक हो गया है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत में 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद 101.81 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इस तरह 10 दिन में दिल्ली में पेट्रोल 6.40 रुपये महंगा हुआ है। वहीं, डीजल भी 6 रुपये 40 पैसे तक महंगा हुआ है। अब दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल के लिए 101.81 रुपये और डीजल के लिए 93.07 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। इससे पहले 21 मार्च को राजधानी में पेट्रोल का दाम 95.41 और डीजल 86.67 रुपये प्रति लीटर था।

### महंगाई का बैरोमीटर

अब 22 मार्च 2022 से पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ रहे हैं। 22 मार्च से 23 मार्च तक रोजाना पेट्रोल-डीजल 80-80 पैसे महंगा हुआ। 24 मार्च को कोई बदलाव नहीं हुआ, लेकिन 25 मार्च से एक बार फिर पेट्रोल-डीजल 26 तक 80-80 पैसे बढ़े। इसके बाद 27 मार्च को पेट्रोल 50 और डीजल 55 पैसे महंगा हुआ। 28 मार्च को पेट्रोल 30 और डीजल 35 पैसे बढ़ा। 29 मार्च को पेट्रोल 80 पैसे प्रति लीटर और डीजल 70 पैसे प्रति लीटर बढ़ गया, 30 मार्च को एक बार फिर पेट्रोल-डीजल के दाम 80-80 पैसे बढ़े और आज भी राहत नहीं मिली है, पेट्रोल-डीजल के रेट 80 पैसा बढ़ गए हैं।

## चुनाव खत्म लूट चालू के नारे के साथ प्रदर्शन राहुल समेत कई बड़े नेता सड़क पर उतरे

**नई दिल्ली। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बढ़ते दामों और महंगाई के खिलाफ कांग्रेस पार्टी आज यानी गुरुवार को देशभर में प्रदर्शन कर रही है। इस प्रदर्शन को असरदार बनाने के लिए राहुल गांधी समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता सड़क पर उतरे हैं। प्रदर्शन के दौरान सभी नेता चुनाव खत्म लूट चालू के नारे लगाते नजर आए।** कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हर दिन पेट्रोल-डीजल और अन्य चीजों के दाम अनावश्यक बढ़ रहे हैं और इसका परिणाम आवश्यक वस्तुओं पर हो रहा है इसलिए आज हम राहुल गांधी के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहें। कांग्रेस की मांग है कि यूपीए सरकार के दौरान जो कीमतें थी वो किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि जब पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ते हैं तब हर चीज के दाम बढ़ते हैं। जब दुनिया में कच्चे तेल के दाम सबसे कम थे तब भी यह सरकार पेट्रोल-डीज़ल के दाम बढ़ा रही थी। 101 रुपये का तेल भराने में 52 रुपये सरकार के पास एक्साइज टैक्स के रूप में जा रहे हैं।



**पूरे देश में हमारा प्रदर्शन चलेगा और काफी दिनों तक चलेगा: राहुल**

*कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि पिछले 10 दिन में 9 बार पेट्रोल-डीज़ल के दाम बढ़ाए गए हैं और इसका परिणाम मध्यम वर्ग और गरीब लोगों पर पड़ता है। हमारी मांग है कि सरकार पेट्रोल-डीज़ल के दाम को बढ़ाना बंद करें। पूरे देश में हमारा प्रदर्शन चलेगा और काफी दिनों तक चलेगा।*



**कल राहुल गांधी ने ट्वीट कर प्रधानमंत्री की Daily To-Do List साझा की थी**

1. पेट्रोल-डीजल-गैस का रेट कितना बढ़ाऊं 2. लोगों की 'खर्चे पे चर्चा' कैसे रुकवाऊं 3. युवा को रोज़गार के खोखले सपने कैसे दिखाऊं 4. आज किस सरकारी कंपनी को बेचूं5. किसानों को और लाचार कैसे करूं



## भाजपा के साथ नरम रुख अपना रही एनसीपी !

**मुंबई।** महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी सरकार में आपसी मतभेद की खबरें सामने आ रही हैं। सूत्रों का कहना है कि भाजपा के प्रति एनसीपी के नरम रुख को लेकर उद्धव ठाकरे चिंतित हैं और उन्होंने इस मामले में शरद पवार से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि भाजपा जांच एजेंसियों के जरिए गठबंधन के नेताओं को निशाना बना रही है। सेना के सूत्रों के मुताबिक कई ऐसे मौके गिनाए गए जब एनसीपी को भाजपा पर हमलावर होना चाहिए थे लेकिन वह बैकफुट पर आ गई। मुंबई पुलिस ने भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को फोन टैपिंग मामले में साइबर विंग केबीसी ऑफिस में हाजिर होने को कहा था, हालांकि मुंबई पुलिस ने 13 मार्च को अपना फैसला बदल दिया। इसके बाद पुलिस ने फडणवीस के घर पर जाकर उनका बयान लिया। गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी एनसीपी नेता के पास है और इसी मंत्रालय के अंतरगत पुलिस विभाग आता है।

**उद्धव ठाकरे को चिंता, शरद पवार से की बात**

## गुर्जर आंदोलन के प्रणेता कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला का निधन



**जयपुर।** राजस्थान में गुर्जर आरक्षण आंदोलन को लीड करने वाले कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला का निधन हो गया है। किरोड़ी बैसला लंबे समय से बीमार चल रहे थे। बैंसला ने जयपुर के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें मणिपाल अस्पताल ले जाया गया था जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बैंसला के निधन पर लोग ट्विटर पर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। वहीं उनके निधन से गुर्जर समाज में शोक की लहर छा गई है। बता दें कि राजस्थान में बैंसला को गुर्जरों की अधिकारों की लड़ाई में अगुवा के रूप में जाना जाता है। बड़ी बात यह है कि उनके एक इशारे पर गुर्जर समाज एकजुट हो जाता था। बैंसला की ताकत इतनी थी कि वो उनके एक इशारे पर पूरा राजस्थान रूक जाता था।

## रतलाम में सूफा संगठन फिर एक्टिव



**राजस्थान पुलिस ने तीन कट्टरपंथियों को पकड़ा, बम बनाने का सामान मिला**

**भोपाल।** रतलाम में देशद्रोह के मामले में कुख्यात सूफा संगठन फिर सक्रिय हो गया है। राजस्थान पुलिस ने सूफा के तीन कट्टरपंथियों को बम बनाने के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। उदयपुर और जयपुर की ञ्जस् उनसे पूछताछ कर रही है। तीनों से पूछताछ करने के लिए मध्यप्रदेश की ञ्जस् भी राजस्थान जाएगी। उदयपुर ढ्ढत्र हिंगलाज दान ने इस संबंध में पुष्टि की है। राजस्थान के सीमावर्ती जिले चित्तौड़गढ़ के निंबाहेड़ा में बुधवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन युवकों को पकड़ा। आरोपियों के नाम जुबेर, अल्तमस और सरफुद्दीन उर्फ सेफुल्ला बताए गए हैं। आरोपी रतलाम से भागकर निंबाहेड़ा के पास रानीखेड़ा में रह रहे थे। बम बनाने की जानकारी मिली तो उदयपुर और जयपुर की एटीएस पूछताछ के लिए निंबाहेड़ा पहुंची। आरोपियों से सामग्री के सप्लायर के संबंध में पूछताछ की जा रही है। मध्यप्रदेश की एटीएस टीम आरोपियों के अन्य साथियों का पता लगा रही है। सूफा कट्टरपंथी सोच के 40-45 युवकों का एक ग्रुप रहा है। यह ग्रुप समाज में कट्टरपंथी सोच व तौर तरीकों का हिमायती है। आतंकियों के स्लीपर सेल की तरह काम करता है

## प्रमोशन में आरक्षण खत्म किया तो मच सकता है उपद्रव

### ... केंद्र सरकार का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि अगर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों को पदोन्नति यानी प्रमोशन में आरक्षण देने की नीति को रद्द कर दिया जाता है तो इससे हंगामा हो सकता है। केंद्र सरकार ने कहा कि 2007-20 के दौरान इस नीति के तहत साढ़े चार लाख से अधिक कर्मचारियों को इसका लाभ मिला था। ऐसे में अगर इसके खिलाफ अगर किसी भी तरह का आदेश दिया जाता है तो इसके गंभीर और व्यापक प्रभाव हो सकते हैं। कर्मचारी उपद्रव मचा सकते हैं। आपको बता दें कि केंद्र की इस को 2017 में दिल्ली HC ने खारिज कर दिया था। अपनी नीति का बचाव करते हुए केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि यह इस अदालत द्वारा निर्धारित संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप है। सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व अपर्याप्त है। केंद्र सरकार ने यह भी कहा कि एससी और एसटी कर्मचारियों को प्रमोशन में आरक्षण देने से प्रशासन की दक्षता में किसी भी तरह की बाधा नहीं आई। सरकार ने कहा कि इसका लाभ केवल उन्हीं अधिकारियों को दिया गया जो मानदंडों को पूरा करते हैं और उन्हें फिट घोषित किया जाता है। 75 मंत्रालयों और विभागों का डेटा पेश करते हुए केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि कुल कर्मचारियों की संख्या 27,55,430 है। इनमें से 4,79,301 एससी, 2,14,738 एसटी समुदाय से आते हैं।

## मार्च में मई-जून जैसी गर्मी



**तप रहे दिल्ली, राजस्थान, यूपी, एमपी, महाराष्ट्र**

**नई दिल्ली।** देशभर के कई हिस्सों में तापमान लगातार बढ़ रहा है। इस साल मार्च के महीने में पूरे देश में गर्मी का प्रचंड मार्च जारी रहा। मार्च में ही मई-जून जैसी गर्मी महसूस होने लगी है। ऐसा पहली बार है मार्च में लगातार तीसरे दिन सभी मैदानी राज्यों के शहरों में पारा 40 डिग्री के पार हुआ है। इंडियन मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट (मौसम विभाग) के मुताबिक, दिल्ली के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने बताया है कि गुरुवार यानी आज दिल्ली में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। वहीं, बुधवार को देश में सबसे अधिक तापमान महाराष्ट्र के चंद्रपुर में 44.2 और अकोला में 43.2 डिग्री सेल्सियस रहा। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश व पूर्वी राजस्थान के अधिकांश शहरों में तापमान लगातार तीसरे दिन 40 डिग्री से अधिक दर्ज हुआ है। ऐसा पहली बार है। अब तक आमतौर पर पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र व कर्नाटक के कुछ शहरों में मार्च में एक दशक में पारा 40 डिग्री के पार जाता रहा है।

## राज्यसभा से 72 सांसद रिटायर

**पीएम मोदी बोले- अनुभवी साथी के जाने की कमी हमेशा खलेगी**

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा के 72 सेवानिवृत्त सदस्यों की विदाई के मौके पर राज्यसभा में अपना संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि हमारे राज्यसभा सदस्यों के पास बहुत अनुभव है। कभी-कभी अनुभव में ज्ञान से अधिक शक्ति होती है। हम सेवानिवृत्त सदस्यों से कहेंगे कि एक बार फिर से आइए। रिटायर होने वाले सदस्य अब बाकी दुनिया को अपने अनुभव का फायदा पहुंचाएंगे। पीएम मोदी के बाद एक-एक कर सदस्यों ने अपने विचार रखें। राज्यसभा के सेवानिवृत्त सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू, उप सभापति हरिवंश और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ फोटो खिंचवाई।

### आज 6 राज्यों की 13 सीटों के लिए मतदान

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के बाद अब सभी की नजर राज्यसभा चुनावों पर है। गुरुवार को 6 राज्यों की 13 सीटों के लिए मतदान होगा। ये राज्य हैं - असम (2), हिमाचल (1), केरल (3), नागालैंड (1), त्रिपुरा (1), और पंजाब (5)। भाजपा को भरोसा है कि पंजाब को छोड़कर अन्य सभी राज्यों से उसके सदस्य राज्यसभा के लिए चुने जाएंगे। 245 सदस्यीय राज्यसभा में भाजपा के पास वर्तमान में 97 सदस्य हैं।



## हाईवे पर वाहन चलाना होगा महंगा

### 65 रुपए तक बढ़ाया गया टोल टैक्स

**नई दिल्ली।** अब राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलना भी महंगा हो गया है। जानकारी के मुताबिक, 1 अप्रैल से राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ने वाले टोल टैक्स के रेट बढ़ा दिए गए हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल टैक्स में 10 से 65 रुपये तक की बढ़ोतरी की है। छोटे वाहनों के लिए 10 से 15 रुपये जबकि कामर्शियल वाहनों के लिए 65 रुपये तक टोल टैक्स बढ़ाया गया है। नई दरें 31 मार्च 2022 की रात 12 बजे से लागू हो जाएंगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने यह दर बढ़ाई है। एनएचएआई के परियोजना निदेशक एनएन गिरी ने पुष्टि की है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए टोल टैक्स में बढ़ोतरी के संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई है। दिल्ली को जोड़ने वाले राजमार्गों पर चौपहिया वाहनों- कारों और जीपों के लिए टोल मूल्य में वृद्धि की गई है। 1 अप्रैल से ओवरसाइज वाहनों को वन-वे के लिए 65 रुपये चुकाने होंगे।सरमा ने कहा, कोई समुदाय अल्पसंख्यक है या नहीं इसकी परिभाषा उस विशेष राज्य या जिले में मौजूदा वास्तविकता पर आधारित होनी चाहिए। यह चिंता का विषय है और वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट भी इस पर सुनवाई कर रहा है।

## पाकिस्तानी सेना को डरा रहे थे इमरान खान

**जनरल बाजवा ने एक झटके में बंद की बोलती**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के बाद अपनी कुर्सी को बचाने के लिए शह और मात का खेल खेल रहे प्रधानमंत्री इमरान खान की बुधवार को सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा और आईएसआई चीफ ने बोलती बंद कर दी। दरअसल, इमरान अपने ही राजदूत का एक चेतावनी पत्र सार्वजनिक करके यह दिखाना चाहते थे कि उनकी सरकार को गिराने के लिए अंतरराष्ट्रीय साजिश रची जा रही है। जनरल बाजवा को जब यह पता चला तो वह तुरंत इमरान खान के घर पहुंचे और उन्हें आगाह किया कि पाकिस्तानी पीएम ऑफिसियल सीक्रेट एक्ट में फंस जाएंगे और जेल हो सकती है। इसके बाद इमरान ने देश को संबोधित करने का फैसला अचानक से रद कर दिया।पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक जनरल बाजवा ने इमरान खान को बताया कि इस कथित पत्र को सार्वजनिक करने से उस देश से संबंध और ज्यादा खराब हो सकते हैं। ऐसे में पाकिस्तानी पीएम इसे सार्वजनिक करने से परहेज करें।

## 81 वर्षीय मां का अनूठा अंगदान

## 56 साल के बेटे को दी किडनी

**मुंबई। मां का दिल हमेशा अपने बच्चों के लिए धड़कता है। मुंबई में जब एक परिवार में 56 साल के बेटे पर स्वास्थ्य संकट आया तो 81 वर्षीय मां ने अपनी किडनी देकर लाड़ले की जान बचाने में देर नहीं की। नवी मुंबई के अपोलो अस्पतालों के डॉक्टरों का दावा है कि 81 वर्ष की उम्र में किडनी दान का यह देश का पहला मामला है।**

दरअसल 56 साल के राजेन शशिकांत शाह को 2020 में अचानक किडनी की तकलीफ हुई। इसके बाद उन्हें सप्ताह में चार बार डायलेसिस कराने पड़ रहे थे। इससे निजात पाने के लिए डॉक्टरों ने हाल ही में उन्हें किडनी प्रत्यारोपण की सलाह दी। फिर परिजनों ने राजेन शाह के लिए किडनी डोनर की तलाश शुरू की, लेकिन उनकी बुजुर्ग मां कला शशिकांत शाह ने अपने बेटे के लिए किडनी देने को तैयार हो गई। उनकी इस पहल पर डॉक्टर भी भौंचक रह गए। कला शाह की उम्र ज्यादा होने को लेकर डॉक्टरों को कुछ संदेह हुआ, लेकिन उनके कुछ टेस्ट किए गए, इसमें उनकी किडनी उपयुक्त पाई गई। इसके बाद डॉक्टर भी इसके लिए तैयार हो गए। आखिरकार मां की किडनी बेटे के शरीर में सफलापूर्वक प्रत्यारोपित कर दी गई।



### 2020 से करा रहे थे डायलेसिस

राजेन शाह टाइप टू डायबिटीज व हाइपरटेंशन के भी मरीज हैं, इसलिए किडनी की गंभीर बीमारी होने के बाद उन्हें सप्ताह में चार दिन डायलेसिस कराना पड़ती थी। वह और उनका परिवार मुंबई के घाटकोपर इलाके में रहता है। राजेन शाह आईटी पेशेवर हैं। 2021 में किडनी प्रत्यारोपण के बाद से बुजुर्ग मां व बेटे राजेन स्वस्थ हैं। राजेन शाह को किडनी देने के लिए उनकी पत्नी भी तैयार हो गई थीं, लेकिन उन्हें हायपरटेंशन रोग होने से डॉक्टरों ने इनकार कर दिया।

### 81 की उम्र में इसलिए पाई गई फिट

इस मौके पर कला शाह ने अपने सेहतमंद होने का राज भी बताया। उनका कहना है कि वह सुबह जल्दी उठती हैं और सही समय पर उपयुक्त आहार ग्रहण करती हैं। हमेशा सक्रिय रहती हैं। घर में पूरी तरह सकारात्मक माहौल है, इसलिए टेंशन का सवाल ही नहीं। इसलिए इतनी उम्र में भी पूरी तरह फिट हूं।

अपोलो अस्पताल के डॉ अमोल पाटिल ने बताया कि इससे पहले दिल्ली में 80 साल के व्यक्ति ने किडनी दी थी। इस मामले में किडनी डोनर की उम्र 81 साल है। इस तरह कला शाह सबसे बुजुर्ग व जीवित किडनी दाता हैं।

## रूस ने की मैरियूपोल में युद्धविराम की घोषणा

### चेर्नोबिल भी छोड़ रहे पुतिन के सैनिक



**कीव/मॉस्को/वाशिंगटन ।**द्ध रूस-यूक्रेन के बीच आज 36वें दिन भी जंग जारी है। दोनों देशों में से कोई भी एक दूसरे के सामने झुकने के लिए तैयार नहीं है। इस बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने गुरुवार को कहा कि उनकी सेना देश के पूर्व में रूसी सैनिकों को मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी कर रही है। ताजा जानकारी के अनुसार रूस-यूक्रेन के बीच आज एक बार फिर से शांति वार्ता की जाएगी। इसी बीचरूसी प्रशासन ने यूक्रेन के मैरियूपोल में युद्धविराम की घोषणा कर दी है। इसके अलावा चेर्नोबिल से भी रूसी सैनिकों की वापसी हो रही है। एक स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कीव के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन का लगभग आधा क्षेत्र रूसी विस्फोटकों से प्रदूषित हो गया।

## वेंकट वार्ड में गंभीर जल संकट

# वैध नल कनेक्शन वाले बूंद-बूंद को तरस रहे, अवैध की मौज

**कटनी।** कटनी के वेंकट वार्ड क्षेत्र के कुछ इलाको में दो दिन में एक बार नल आते हैं लेकिन यहां चक्की घाट रोड में जल संकट अत्यंत गंभीर होता जा रहा है। दो दिन में पानी आने के बाद अवैध नल कनेक्शनधारी यहां पदस्थ अधिकारियों या जिम्मेदार कर्मचारियों की कृपा से मौज में है जबकि वैध कनेक्शनधारी बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। शिकायत करने के बावजूद कई कई दिनों तक सुधार कार्य नहीं होता। सवाल यह है कि जब अप्रैल की शुरूआत भी नहीं हुई और ये हाल है तो आने वाली भीषण गर्मी में वेंकट वार्ड के खास तौर पर इस चक्की घाट क्षेत्र के नागरिक कैसे दिन काटेंगे। वेंकट वार्ड में दख्खिन माता मंदिर से ढलान में सरवन किराना स्टोर तक की पाइन लाइन पूरी तरह से फूट चुकी है। यह फूटी नहीं बल्की कतिपय लोगों के द्वारा फोड़ी गई। यहां न तो शहर की अमृत जल योजना लागू है नही निगमायुक्त या फिर और किसी बड़े अधिकारी ने अब तक वार्ड में औपचारिक रूप से घूमने की जहमत उठाई। जैसी अक्सर निगम अधिकारियों की सक्रियताा की खबरें विज्ञप्ति में आती रहती हैं। बाकी सब तो ठीक है लेकिन जल समस्या गंभीर होती जा रही है और अगर पाइप लाइनों का सुधार अथवा लोगों की शिकायतों का निपटारा करा दिया जाए तो काफी हद तक समस्या को थोड़ा कम तो किया ही जा सकता है।

### जल नहीं है बिल भरो

नगर निगम में रोज विपक्षी दलों के द्वारा प्रदर्शन किये जा रहे हैं विपक्ष का आरोप है कि नल जल योजना तो लागू कर दिया गया है और आम जनता को पानी सप्ताह में मात्र चार दिन ही दिया जा रहा है। पानी का बिल पूरा जमा करवा दिया जाता है। जल समस्या के निदान के लिए पदस्थ अधिकारियों का जनता के साथ व्यवहार अनुचित रहता है। भले ही करोड़ों रुपया का बैराज कटाए घाट नदी मे बना दिया गया है, लेकिन उस बैराज मे बरसात के पानी को सरंक्षित करने की कोई विशेष सुविधा नहीं है। हर साल पानी के लिए हाहाकार रहता है। नगरीय निकाय द्वारा उपभोक्ताओं से पानी का चक्रवृद्धि ब्याज नगर निगम द्वारा लिया जाता है, लेकिन समय पर पानी नहीं खोला जाता।



# कटनी में भव्य स्टेडियम की पहल

## अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम के लिए सांसद ने की केंद्रीय खेल मंत्री से भेंट

### कटनी में सर्व सुविधायुक्त खेल मैदान के लिए सौंपा पत्र

**कटनी।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से आज खजुराहो कटनी लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मुलाकात की। सांसद श्री शर्मा ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से कटनी के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम की मांग करते एक पत्र भी सौंपा। श्री शर्मा ने कहा कि मेरे लोकसभा क्षेत्र खजुराहो के अंतर्गत आने वाले कटनी जिले में कटनी नगर पालिक निगम है तथा रेलवे का बड़ा जंक्शन भी है। खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में सबसे बड़ा नगरीय क्षेत्र होने के साथ-साथ भारत के सबसे बड़े राष्ट्रीय राजमार्ग में भी स्थित है। खेलों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महाकौशल, बुंदेलखंड एवं बघेलखंड क्षेत्रों का केंद्रबिंदु भी है। अंतराष्ट्रीय स्टेडियम बनाए



जाने के लिए पर्याप्त भूमि भी उपलब्ध है। इन स्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए इन क्षेत्रों में खेलों को प्रोत्साहित करने की मंशा से समस्त क्षेत्रीय जनता की कटनी में अंतराष्ट्रीय स्तर स्टेडियम बनाए जाने की सदैव मांग भी रहती है।

### सांसद खेल महोत्सव की जानकारी दी, प्रभावित हुए अनुराग

सांसद श्री शर्मा ने लोकसभा क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी के लिए विभिन्न विषय पर चर्चा की सहित खेल गतिविधियों युवाओं के लिए रोजगार आदि विषयों पर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने यहां चल रहे सांसद ट्राफी खेल महोत्सव के बारे में श्री ठाकुर को विस्तार से बताया जिससे श्री ठाकुर काफी प्रभावित हुए। उन्होंने लोकसभा क्षेत्र में पर्यटन तथा इसके जरिए युवाओं को रोजगार देने के विषय पर ध्यान आकर्षित कराया।

# गुप्त काल की छाप लिए विष्णु वाराह पर ध्यान नहीं

**कटनी।** जिला मुख्यालय से महज 42 किलोमीटर दूर स्थित है ग्राम कारीतलाई। यहां पर 5वीं सदी का भगवान विष्णु वाराह का सबसे अद्भुत हैं। यहां पर कल्चुरी, बौद्ध, जैन, गुप्तकालीन सहित अन्य काल की जानकारी मिलती है। मूर्तिकला का सबसे बड़ा केंद्र रहा है। खुदाई में यहां बहुत शिलालेख मिले हैं जो आज भी रायपुर संग्राहालय, रानीदुर्गावती संग्राहालय जबलपुर, ग्वालियर सहित विदेशों में संरक्षित हैं। 1897 की है श्वेत नरसिंह अवतार की प्रतिमा है। कारीतलाई 493 ईस्वी के अवशेष विद्यमान हैं। गोड़ों की प्राचनी बस्ती, विस्तीर्ण तालाब, प्राचीन पाठशाला, स्मारक, संग्रहालय शोभा बढ़ा रही हैं लेकिन इस स्थान की तरफ भी प्रशासन का विशेष ध्यान नहीं है। ग्रामीणों स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के लिए पर्यटन योजनाओं के लिए राशि तो आती है लेकिन इस राशि का सही उपयोग नहीं हो पाता है।



# ग्रामीण क्षेत्रों में झुके खंभे और तारों के जाल

## दुर्घटनाओं को दे रहे निमंत्रण



***कटनी। बिजली की समस्या गांवों में गंभीर तो चल ही रही है संशाधनों का आभाव भी लोगों की जान से खिलवाड़ करने पर अमादा है।***

जिले भर में ग्रामीण क्षेत्रों में झुके खंभे और तारों के जाल दुर्घटनाओं को निमंत्रण दे रहे हैं लेकिन विद्युत विभाग मामले में कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इससे नागरिकों और मवेशियों की जान खतरे में हैं लेकिन इसके बाद भी सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है। इससे ग्रामीण परेशान हैं। बहोरीबंद तहसील मुख्यालय में ही सुधार नहीं किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में बहोरीबंद के गांवों में क्या स्थिति होगी खुद अंदाजा लगाया जा सकता है। शहर से लगे देवरी के नागरिकों ने बताया कि गांव के पास ही पोल झुका हुआ है। इससे दुर्घटना की आशंका है। इसके बाद भी अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोग शिकायत करते परेशान हैं।

### नागरिकों का आना जाना लगा रहता

इसी तरह रीठी के ग्राम बकलेहटा में बिजली के खंभों की विद्युत विभाग द्वारा अनदेखी की जा रही है। बिना स्टे से लगे हुए खंभे से 30 से 40 कनेक्शन लगे हैं। इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे खंभा गिरने की आशंका जताई जा रही है। वार्ड के लोगों ने बताया कि यहां नागरिकों का आना जाना लगा रहता है। अगर चलती लाइन में खंभा गिरा तो किसी की जान जा सकती है। स्टे वायर न होने के कारण खंभा झुक गया है और करंट भी आ रहा है। वार्ड वासियों में नरेंद्र सिंह ठाकुर, दुर्गा ठाकुर, संतु बर्मन, कमलेश पटेल, अमलेश पटेल, सुशील पटेल, अशीष पटेल, सोनू पटेल ने खंबे का जल्द से जल्द सुधार किए जाने की मांग की है।

# छोटे निशाने पर, पूरी सड़क में बड़े व्यापारियों का स्थाई अतिक्रमण

## सड़कों का उपयोग दुकान की तरह कर रहे बड़े दुकानदार

**कटनी।** शहर के अंदर सड़कों पर स्थाई अतिक्रमण से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे आम नागरिक परेशान हैं। शहर के अंदर सड़कों पर अस्थाई और स्थाई अतिक्रमण किया गया है। अतिक्रमण के कारण सड़कें सकरी हो जाती है। इससे जाम की स्थिति निर्मित होती है बावजूद इसके नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या पर ध्यान नहीं देते हैं।



कार्रवाई नहीं होने से सड़कों से अतिक्रमण नहीं हट रहा है। स्थाई दुकान संचालक सड़कों का उपयोग दुकान की तरह कर रहे हैं और दुकान का उपयोग गोदाम की तरह कर रहे हैं। अस्थाई अतिक्रमण पर कार्रवाई की कागजी खाना पूर्ति की जाती है, नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ दस्ता, सब्जी, ठेला नुमा दुकानों को हटाने का बस कार्य करता है जबकि स्थाई दुकान संचालक अपनी दुकानों के सामने दुकान की सामग्री रख कर अतिक्रमण किए हुए रहते हैं, लेकिन नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते में शामिल कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है। शहर की सड़कों पर ठेला नुमा दुकानें, सब्जी बेचने के लिए लगाई गई अस्थाई दुकानों को अतिक्रमण दस्ते द्वारा तो हटा दिया जाता है लेकिन जो स्थाई दुकान संचालक अपने दुकान की सामग्री दुकान की बजाय सड़क पर अतिक्रमण कर रख रहे हैं उनके खिलाफ नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही हैं। दुकानों की सामग्री सड़कों पर रखे होने से सड़क संकरी हो जाती है और आवागमन बाधित होता है। सड़क पर अस्थाई रूप से अतिक्रमण होने के कारण जाम की स्थिति बन रही है। बावजूद इसके नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है।




# 15 अप्रैल से 8 जुलाई तक लगातार बजेगा बैंड बाजा

**कटनी।** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्यों के लिए ग्रह-नक्षत्रों की स्थितियों का विचार किया जाता है। शुक्र और गुरु तारा की स्थिति को देखकर ही विवाह मुहूर्त निश्चित किए जाते हैं। अगर ये दोनों तारे अस्त होते हैं तो उस स्थिति में शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्यों के लिए मुहूर्त नहीं निकलता है। दोनों के उदय होने पर ही विवाह जैसे मांगलिक कार्य संपन्न होते हैं। ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि गुरु और शुक्र का तारा उदय होने से अप्रैल माह की 15 तारीख से शादियों के लिए शुभ मुहूर्त शुरू होंगे जो 8 जुलाई तक रहेंगे। जिसमे अप्रैल माह में 6 दिन शादियों हो पाएंगी। वहीं, सबसे ज्यादा विवाह मुहूर्त मई में 15 और जून में 12 दिन रहेंगे। इसके बाद जुलाई में 5 दिन और नवंबर में 4 दिन और दिसंबर में 7 विवाह मुहूर्त रहेंगे।

### 9 जुलाई से 25 नवंबर तक 109 दिन नही होंगी शादियां

इस बार 15 अप्रैल से विवाह योग बन रहे हैं। जिसमें 8 जुलाई भड़ली नवमी तक विवाह होंगे। इसमें 3 मई जो अबूझ मुहूर्त अक्षया तृतीया है, जिसमें हमेशा की तरह सामान्य से अधिक शादियां होंगी। 9 जुलाई के बाद विवाह थम जाएंगे। उसके बाद देवउठनी एकादशी से शादियां आरंभ न होकर 26 नवंबर गुरु-शुक्र के उदयाकाल से विवाह होंगे।

### विवाह शुभ मुहूर्त

अप्रैल माह में विवाह मुहूर्त 15, 17, 19, 23, 27, 28 तारीख तक रहेंगे।
मई माह में विवाह मुहूर्त 2 से 4, 9 से 20, 24 से 31 तारीख तक रहेंगे।
जून माह में विवाह मुहूर्त 1,3 से 17, 21 से 23, 26 तारीख रहेंगे।
जुलाई माह में विवाह मुहूर्त 2, 3, 5, 6, 8 तारीख तक रहेंगे।
नवंबर महीने में विवाह मुहूर्त 26, 27, 28 तारीख तक रहेंगे।
दिसंबर में 2 से 4, 7 से 9, 13 से 15 दिसंबर तक विवाह होंगे।

### अप्रैल के अन्य मुहूर्त

अप्रैल माह में बच्चों के नामकरण के लिए कुल 6 शुभ मुहूर्त बने रहे हैं। जिसमे अप्रैल माह की 1, 3, 6, 10, 11 और 15 तारीख को नामकरण किया जा सकता है। वंही ग्रह प्रवेश का शुभ मुहूर्त 26 अप्रैल को रहेगा।

### घोड़ बघ्घी तक मिला मुश्किल बुकिंग फूल

कटनी में विवाह समारोहों के लिए घोड़ा बघ्घी विवाह भवन होटल लॉज यहां तक की खाली प्लाटों की भी बुकिंग हो चुकीं हैं मतलब अगर आपके पास स्थान नहीं है तो अप्रैल में विवाह आयोजन का विचार छोड़ दें। कटनी शहर के प्रमुख मेरिज हाल पूरी तरह से मुहूर्त में फुल हो चुके हैं बैड बाजा और डीजे वाले भी बड़ी मुश्किल से इन तारीखों में मिल पा रहे हैं। कुछ लोग तो दूसरे शहरों में विवाह रस्म पूरी करने का निश्चय कर चुके हैं।

# मार्च में मई जैसी लू: तप रहा जिला




**कटनी।** कटनी जिला मार्च में ही 40 डिग्री तापमान के साथ तपने लगा है। चिंता की बात यह है कि राजस्थान एवं गुजरात की तरफ से आ रहे गर्म हवा के थपेड़ों से कटनी में तपिश लगातार बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 42 डिग्री सेल्सियस तापमान खरगोन, खंडवा, राजगढ़, दमोह, ग्वालियर, रतलाम, खजुराहो एवं नौगांव में दर्ज किया गया। प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में लू चली। भोपाल, खंडवा, राजगढ़, शाजापुर, गुना, धार, रतलाम, खजुराहो, छिंदवाड़ा, जबलपुर, कटनी, मंडला, दमोह, रीवा, सागर, सतना, सीधी, टीकमगढ़, उमरिया एवं नौगांव में लू चली। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक गुरुवार को भी गर्मी के तेवर इसी तरह बने रहने के आसार हैं। अधिकतर जिलों में दिन का तापमान 40 डिग्रीसे. के आसपास पहुंच जाता है। वर्तमान में किसी मौसम प्रणाली के सक्रिय नहीं रहने से मौसम शुष्क बना हुआ है। पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र, राजस्थान एवं गुजरात में भी गर्मी के तेवर तीखे बने हुए हैं। वहां से आ रही गर्म हवाओं के कारण मप्र में अधिकतम तापमान बढ़ रहा है। कटनी जिले में आगामी दिनों में पारा और उपर जाएगा।

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 4 शो ता. 01 से
12, 3.30, 7 एवं रात्रि 9 बजे से



RRR (हिंदी में)
कलाकार- रामचरन, एन.टी. रामा राव, श्रेया सरन, अजय देवगन आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 01 से
12.45, 3, एवं सायं 6 बजे से





ATTACK (हिंदी में)
कलाकार- जॉन अब्राहम, रकुलप्रीत सिंह, प्रकाश राज, किरन कुमार आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 01 से
सुबह 10 एवं रात्रि 10 बजे से




MORBIOUS (हिंदी में)
कलाकार- माईकल कीटन, मैट स्मिथ, कोरे जॉनसन, चार्ली शाटवेल आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 25 से
11.45, 3 एवं 6.15 बजे से
RRR (हिंदी में)
कलाकार- रामचरन, एन.टी. रामा राव, श्रेया सरन, अजय देवगन आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरूवार, 31 मार्च 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# शराब दुकानों की नीलामी से 300 करोड़ की कमाई

## 10 समूह की 32 दुकानों के टेंडर से डेढ़ सौ करोड़ का राजस्व मिला आबकारी विभाग को

**कटनी।** जिले की आधा सैकड़ा से अधिक देशी और विदेशी शराब दुकानों की नीलामी से आबकारी विभाग को करीब 300 करोड़ से अधिक की आय होगी। 63 दुकानों को 20 अलग-अलग समूहों में बांटकर इसकी नीलामी की जा रही है। इसके पहले तक जिले में एक ही ठेका होता था लेकिन राज्य सरकार ने नए आदेश जारी करते हुए पूर्व में लागू प्रक्रिया को अपनाते हुए अलग-अलग समूह बनाकर दुकानों की नीलामी करने के निर्देश दिए थे। जानकारी के मुताबिक अब तक करीब 10 समूहों की नीलामी हो चुकी है, इससे विभाग को 152 करोड़ की कमाई हुई है। शेष 10 समूहों की नीलामी के लिए आज 31 मार्च वित्तीय वर्ष समाप्ति के अंतिम दिन टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। आबकारी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आज होने वाले टेंडर में सभी 10 समूहों की नीलामी होने की उम्मीद है। सूत्रों का कहना है कि राज्य सरकार ने सभी शेष दुकानों की नीलामी पिछले साल के आरक्षित मूल्य पर ही करने के निर्देश दिए हैं। यदि किसी कारणवश किसी समूह की नीलामी नहीं हो पाती है, तो कल 1 अप्रैल से उस समूह की दुकानों का संचालन आबकारी विभाग करेगा। गौरतलब है कि जिले में कुल 63 देशी विदेशी शराब की दुकानें हैं। हर साल एक अप्रैल से आबकारी विभाग द्वारा एक साल के लिए इन दुकानों की नीलामी की जाती है। कमलनाथ सरकार द्वारा पूर्व में जिले में एक ही ठेके में सभी शराब दुकानों की नीलामी की थी लेकिन शिवराज सरकार द्वारा इस निर्णय को पलटते हुए 3 दुकानों का एक समूह बनाकर समूहों की नीलामी करने का निर्णय लिया था। इसको लेकर आबकारी विभाग ने 63 दुकानों को 20 समूहों में बांटा था। इसमे आधी दुकानों की नीलामी हो चुकी है।

### 32 दुकानों के लिए आज हो रहे टेंडर, सरकार ने घटाया आरक्षित मूल्य

### इन 10 समूहों के हो गए टेंडर

आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उमरियापान समूह, कटनी कैम्प समूह, विजयराघवगढ़ समूह, खिरहनी गांव समूह, बाकल समूह, रीठी समूह, बरही समूह, देवगांव समूह, खलवारा समूह एवं बस स्टेंड समूह की दुकानों की नीलामी हो चुकी है। आबकारी विभाग ने इन सभी 10 समूहों की नीलामी के लिए 1 अरब 56 करोड़ 45 लाख 99 हजार 229 रूपए आरक्षित मूल्य निर्धारित किया था। इन समूहों की नीलामी से आबकारी विभाग को 1 अरब 52 करोड़ 88 लाख 48 हजार 588 रूपए की आय हुई है।बताया जाता है कि 10 समूहों की नीलामी के लिए विभाग को 16 टेंडर मिले थे, इनमे से कुछेक समूह के लिए सिंगल टेंडर भी आए थे। जिससे कुछ समूहों की नीलामी में विभाग को आरक्षित मून्य से कम राजस्व मिला है। दुकानों की नीलामी के लिए सरकार ने लाइसेंस फीस भी कम कर दी है।

### नए ठेके के पहले सस्ती मिल रही शराब

कल एक अप्रैल से जिले की सभी 63 देशी विदेशी शराब दुकानों के नए ठेके संचालित होंगे, इसके पहले पिछले दो दिनों से दुकानों में सस्ती दरों पर शराब का विक्रय किया जा रहा है। शराब की कीमतों में कटौती आने के बाद बाद दुकानों में सुरा प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। कुछ लोगों द्वारा स्टाक भी किया जा रहा है।

### इन समूहों की आज हो रही नीलामी

जानकारी के मुताबिक शेष 10 समूहों की नीलामी के लिए विभाग ने 1 अरब 52 करोड़ 65 लाख 78 हजार 154 रूपए राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित किया है। इनसमूहों में सराय समूह की सराय, स्टेशन रोड, सुभाष चौक, बरगवां समूह की बरगवां ए, बरगवां बी, स्लीमनाबाद समूह की स्लीमनाबाद ए, स्लीमनाबाद बी, छपरा, कौंड़िया, बहोरीबंद समूह की बहोरीबंद ए, बहोरीबंद बी, बचैया, कुआं, बड़वारा समूह की बड़वारा ए, विलायतकला, बड़वारा बी, खमतरा, निवार पहाड़ी समूह की निवार पहाड़ी, तेवरी, देवरीहटाई, गर्ग चौराहा समूह की गर्ग चौराहा, खिरहनी फाटक, नई बस्ती, न्यू कटनी जंक्शन समूह की न्यू कटनी जंक्शन, नयागांव, हिरवारा, झर्रा टिकुरिया समूह की झर्रा टिकुरिया ए, गड्ढा टोला, झर्रा टिकुरिया बी एवं चांडक चौक समूह की चांडक चौक एवं घंटाघर दुकान शामिल है। इन समूहों की दुकानों के लिए आज टेंडर प्रक्रिया को संचालित किया जा रहा है।

# दो साल बाद भक्तिभाव के बीच मनेगा नवरात्र पर्व

## कोरोना संक्रमण का असर कम होने के बाद पर्व को धूमधाम से मनाने की तैयारी



### मंदिरों में साफ-सफाई और रंग-रोंगन, इस बार पूरे 9 दिन के नवरात्र

कटनी। आदिशक्ति जगत जननी मां जगदम्बे की शक्ति आराधना का महापर्व चैत्र नवरात्र 2 अप्रैल से शुरू हो रहा है। करीब दो साल बाद कोरोना संक्रमण का असर कम होने के बाद इस बार नवरात्र का पर्व अपार उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ मनाए जाने की तैयारी की जा रही है। मंदिरों में पिछले करीब एक सप्ताह से रंग-रोंगन एवं साफ-सफाई की जा रही है। शहर के प्रमुख आस्था के केन्द्र जालपा वार्ड स्थित मां जालपा मढ़िया में भी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यहां 2 अप्रैल की शाम कलश स्थापना के साथ ही जवारे बोए जांएगे और इसी के साथ नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र पर्व की शुरूआत हो जाएगी। इस बार नवरात्र का पर्व पूरे 9 दिनों तक मनाया जाएगा। पहले ही दिन से ही मंदिरों में विविध धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे। भोर होते ही मंदिरों से घंटे-घड़ियालों की गूंज सुनाई देने लगेगी। हर कदम मातारानी के दरबार की ओर जाता दिखेगा। नवरात्र पर्व पर पूरे नौ दिनों तक शहर में चहल-पहल रहेगी। श्रद्धालु मां दुर्गा की भक्ति में लीन नजर आएंगे। नवरात्र पर्व की अष्टमी और नवमी पर घरों के साथ ही मंदिरों में पूर्णाहूति हवन, कन्या भोजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नवमी की शाम जवारा विसर्जन के साथ नवरात्र का समापन होगा।

### हिन्दू नववर्ष पर 1500 साल बाद अति दुर्लभ योग

हिंदू नववर्ष की शुरूआत कल एक अप्रैल शनिवार से हो रही है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार इस वर्ष नए नववर्ष की शुरुआत में मंगल मकर राशि में रहेगा, वहीं राहु-केतु भी वृषभ और वृश्चिक राशि में रहेंगे। शनिदेव मकर में रहेगा। हिंदू नववर्ष की कुंडली में शनि और मंगल की युति होने से शुभ योग बन रहा है। जिसका फायदा मिथुन, तुला और धनु राशि के जातकों को होगा। हिंदू नववर्ष पर ग्रहों का ऐसा संयोग 1563 वर्षों बाद बन रहा है, इसके पहले ऐसा योग 22 मार्च 459 को बना था।

### दो सालों बाद दिख रहा उत्साह

पिछले दो सालों से चैत्र नवरात्र के समय कोरोना संक्रमण का साया था। साल 2020 में जब कोरोना संक्रमण ने दस्तक दी थी, उस समय पूरा देश लॉकडाउन था। इस दौरान मंदिरों में भी ताले लगे हुए थे, लिहाजा लोगों ने घरों पर रहकर ही पर्व मनाया था। दूसरे साल 2021 में भी कुछ ऐसा ही हुआ था। इस समय भी कोरोना संक्रमण के चलते लॉकडाउन लगाया गया था, तब भी लोगों ने पर्व को सीमित दायरे में मनाया था लेकिन इस बार कोरोना संक्रमण का असर कम होने के बाद अब नवरात्र के पर्व को अपार श्रद्धा और भक्तिभाव के बीच मनाए जाने की तैयारी की जा रही है।

### इन राशियों के लिए रहेगी खास है चैत्र नवरात्रि

चैत्र नवरात्रि 2 अप्रैल से शुरू हो रही है। जिसका समापन 11 अप्रैल को होगा। नवरात्रि के 9 दिन भक्तों के लिए बेहद खास होते हैं। नवरात्रि में की गई उपासना लाभकारी होती है। चैत्र नवरात्रि के दौरान मां जगत जननी की पूजा करने से कई लाभ मिलते है, साथ ही शनि के प्रकोप से मुक्ति मिलती है। फिलहाल धनु, मकर और कुंभ राशि के जातक शनि की साढ़ेसाती से प्रभावित हैं। उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ज्योतिष शास्त्र के अनुसार मिथुन और तुला राशि पर शनि की ढैय्या हैं। जिस कारण इन्हें मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। इन राशियों के लोगों को चैत्र नवरात्रि में उपासना करनी चाहिए।



# विगढ़ में 150 हितग्राहियों को मिले पीएम आवास

**विजयराघवगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ममता पटेल के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पंचायत के अंतर्गत 150 नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवासों में गृह प्रवेश संपन्न हुआ, जिसमें पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष रंगलाल पटेल द्वारा रिबिन काटकर ग्राम पंचायत क्षेत्र कारी तलाई के नवनिर्मित आवासों मे गरीब हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राकेश शुक्ला, सरपंच राम सुजान पटेल, सचिव ध्यान लाल साहू, सहायक सचिव शिवम जयसवाल, धीरेंद्र शर्मा, पंकज गौतम, मनोज सोनी, अमरनाथ दहिया, मथुरा सोनी, हितग्राही बलदेव चौधरी गुड्डु चौधरी, सुखी लाल चौधरी, मवासी कोल सहित हितग्राहियो एवं ग्रामीण जनो क़ी उपस्थिति रही।

# लखापतेरी में हितग्राहियों को मिला आशियाना

## जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने सौंपे प्रधानमंत्री आवास

**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 18 मार्च 2021 से 28 मार्च 2022 के मध्य निर्मित आवासों के गृह प्रवेश का कार्यक्रम त्यौहार के रूप में गृह प्रवेशम् कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। जिसके तहत आज कटनी जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत लखापतेरी में नवनिर्मित 20 आवासों को विधिवत पूजन उपरांत उनके गृह स्वामियों को सौंपा गया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गृह प्रवेशम कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। हितग्राहियों के मध्य प्रधानमंत्री श्री मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया । जिसके बाद मुख्यातिथि जिला



पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा द्वारा फीता काटकर इन नवनिर्मित आवासों को उनके हितग्राहियों को सौंपा गया। इस दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष कटनी मीना कश्यपए ग्राम सरपंच चांदनी कश्यपए अभिषेक कश्यपए आदेश खरयाए सुनील विश्वकर्माए ग्राम सचिवए पटवारी सहित हितग्राही संतराम कुशवाहाए अशोकए विष्णु काछीए विष्णु विश्वकर्माए इंदिरादास बैरागीए मनदास बैरागीए धनीराम काछीए कालूरामए लटोरीलालए गोपालदास केवटए विनोद काछीए जागेश्वर विश्वासए धर्मेंद्र मौर्यए द्वारका काछीए महादेव कुशवाहाए महादेव कुशवाहाए सोनेलाल रजकए पप्पू श्रीवासए बंटनिया बाईए सुनीलए भासुराम कुशवाहाए जगदीश कुशवाहा आदि के परिवारों की मौजूदगी रही।

# प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को खतरा

## गर्ल्स कॉलेज में सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर कार्यक्रम




**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय के इको क्लब द्वारा ऐप्को भोपाल द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम स्वच्छता सप्ताह महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में मनाया जा रहा है। इको क्लब प्रभारी डॉ प्रज्ञा अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकना एवं वायु एवं जल प्रदूषण हेतु लोगों में जागरूकता लाना है। दोनों थीम पर पोस्टर, नुक्कड़ नाटक, रैली, शपथ आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान दो बेबीनार भी आयोजित किये गये, पहला वेबीनार प्लास्टिक प्रदूषण एवं से नो टू सिंगल यूज प्लास्टिक पर था। जिसमें शासकीय विज्ञान महाविद्यालय स्वशासी, जबलपुर से प्रोफेसर आर के श्रीवास्तव ने सिंगल यूज प्लास्टिक के रिफ्यूज, रिड्यूस, रियूज तथा रिसाइकल पर जोर दिया द्वितीय वेबीनार वायु एवं जल प्रदूषण पर जागरूकता हेतु था। इसमें शासकीय पीजी महाविद्यालय बड़वानी से प्रोफेसर वीणा सत्या स्पीकर के रूप में उपस्थित थीं। पोस्टर प्रतियोगता में वायु एवं जल प्रदूषण जागरूकता में पूजा शिवहरे, संचिता तिवारी एवं गरिमा क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। सिंगल यूज प्लास्टिक के रोकथाम हेतु जागरूकता के लिए पोस्टर में सुषमा रैदास, मीना प्रजापति, चाहना यादव क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। निर्णायक की भूमिका में डॉ रश्मि चतुर्वेदी, डॉ विमला मिंज एवं श्रीमती नेहा चौधरी रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती डॉ रीना मिश्रा, श्रीमती श्वेता जायसवाल, सुश्री आरती वर्मा, श्रीमती स्मृति दहायत, रामेश्वर सिंग एवं श्रीमती संध्या सिंग का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मूक पशुओं के लिए पानी की टंकी

**कटनी।** कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी भीषण गर्मी में मूक पशुओ के लिए सीमेंट की पानी टंकी शहर के



सभी वार्डों तथा कॉलोनीयों में रखवाई जा रही है। जो की पूर्णतः निःशुल्क है। कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी के टीनू सचदेवा एवं रौनक खंडेलवाल ने शहर के समस्त नागरिकों से आग्रह किया है कि वे भी अपने घरों के बाहर और छतों पर जानवरों और पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें।

**यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033**

# संपूर्ण मानव समाज की आराध्य हैं कर्मा देवी





## जन्मोत्सव पर साहू धर्मशाला में कार्यक्रम, शोभायात्रा निकली

**कटनी।** साहू समाज की आराध्य मां कर्मादेवी का 1006वां जन्मोत्सव कार्यक्रम साहू धर्मशाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, निवृत्तमान महापौर शशांक श्रीवास्तव की मौजूदगी रही। प्रारंभ में मां कर्मा की पूजा अर्चना गौरी साहू, सुधा साहू, नीतू साहू, शशि साहू, सारिका साहू, प्रमिला साहू, मीरा साहू, वंदना साहू, पूजा साहू, निक्की साहू, संध्या साहू, शालू साहू, विनीता साहू, रजनी साहू, अनुराधा साहू, मिथला साहू द्वारा की गई। महिला रामायण मंडली द्वारा रामायण पाठ का धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मुड़वारा अभिषेक ताम्रकार, भाजपा संगठन प्रभारी संजय साहू, पीताम्बर टोपानी, सुरेश सोनी, सत्यनारायण अग्रहरी, आशीष गुप्ता का स्वागत शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर शिव कुमार साहू अध्यक्ष, बसंत साहू अध्यक्ष, विष्णु साहू संरक्षक, वही.पी. साहू, लक्ष्मण साहू, डॉ. अमित साहू, राजकुमार साहू, शिवकुमार साहू (घस्सू), नरबदा प्रसाद साहू, प्रदीप साहू (लखेरा), विमल साहू, रमेश साहू, विनोद साहू, सौरभ साहू, इंजी. राजय साहू, जय साहू, वेदप्रकाश साहू, अभिषेक साहू, कैलाश साहू एवं अन्य सामाजिक बंधुओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विष्णुदत्त शर्मा ने अपने उद्बोधन में भक्त शिरोमणी कर्मा देवी जी की जीवनी में प्रकाश डालते हुए कहा कि मां कर्मा देवी साहू समाज के साथ-साथ सम्पूर्ण मानव की आराध्य हैं। उन्होंने अध्यक्ष शिव कुमार साहू एवं विष्णु साहू संरक्षक के साथ साहू धर्मशाला का निरीक्षण किया गया। सांसद ने कहा कि धर्मशाला के विकास में जो भी आवश्यकता होगी सांसद, विधायक निधि से फंड प्रदाय किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद भव्य चल समारोह साहू धर्मशाला से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होता हुआ वापस साहू धर्मशाला में समाप्त हुआ। शोभायात्रा में बजरंग बाल रामायण समाज द्वारा भजन की प्रस्तुति एवं मां कर्मा देवी की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहीं। भोजन एवं भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन जगदीश साहू ने किया एवं विष्णु साहू द्वारा आभार प्रकट किया गया।

**कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई,**
**सिविल लाईन गणेश चौक कटनी, जिला कटनी (म.प्र.) 483501**

दूरभाष नंबर:- 07622-401753 ई-मेल आई.डी.- dpepiukatni@gmail.com
एन.आई.टी. नंबर- 09/2022/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/ दिनांक- 22.03.2022

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| स.क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड आनलाईन प्राप्त की जावेगी। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2022_PWPIU_ 192438 | राजस्व विभाग के अंतर्गत नवीन कार्यालय भवनों में फर्नीचर लगाये जाने हेतु निविदा का आमंत्रण (जिला दमोह के अंतर्गत गैसाबाद, नोहटा, तेजगढ़, बनवार एवं जिला कटनी के अंतर्गत सिलौड़ी) (प्रथम आमंत्रण) | कटनी | 17.14 | 35000.00 | 5000.00 | REGISTERED IN MPPWD BHOPAL | 03 Months Including Rainy Season | कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री लोक निर्माण विभाग पीआईयू सिविल लाईन गणेश चौक कटनी (म.प्र.) |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 25.03.2022 (समय सुबह 9:00) से दिनांक 08.04.2022 (समय शाम 6:00) तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेवसाईट पर देखी जा सकती है।
4. मूल अमानत राशि एवं तकनीकी बिड केवल ऑनलाईन दिनांक 08.04.2022 को सांयकाल 06:00 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे।
5. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-24411/21

संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू.कटनी (म.प्र.)

**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए-
5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

From 25th March 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL






| Audi 1 | Show | Audi 2 | Show | Audi 3 | Show |
|---|---|---|---|---|---|
| The Kashmir Files | 9:00 AM | RRR | 8:15 AM | RRR | 9:00 AM |
| RRR | 12:15 PM | RRR | 11:45 AM | The Kashmir Files | 12:30 PM |
| The Kashmir Files | 3:45 PM | RRR | 3:15 PM | Bacchan Pandey | 3:45 PM |
| RRR | 7:00 PM | RRR | 6:45 PM | The Kashmir Files | 6:30 PM |
| The Kashmir Files | 10:10 PM | RRR | 10:15 PM | RRR | 9:45 PM |

Paytm
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

**प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने दिया वर्चुअल संबोधन, कटनी जनपद पंचायत के ग्राम जुहली में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम**

# प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में जिले के 23 हजार से अधिक हितग्राहियों ने किया गृहप्रवेश





**कटनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत प्रदेश के 5 लाख 21 हजार हितग्राहियों को वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से गृहप्रवेश कराया। ग्राम जुहली में जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री व प्रदेश के वित्त, वाणिज्य कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री जगदीश देवड़ा के मुख्यातिथ्य में आयोजित समारोह में जिले की सभी 407 ग्राम पंचायतों के 23 हजार 30 हितग्राहियों को भी प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत निर्मित नए घर में उत्सवी माहौल में गृह प्रवेश कराया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छतरपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से हितग्राहियों को वर्चुअली संबोधित किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय, जिला पंचायत प्रशासनिक समिति प्रधान ममता पटेल, जनपद पंचायत कटनी के प्रशासनिक समिति प्रधान शैलेष कन्हैया तिवारी, जुहली पंचायत की प्रशासनिक समिति प्रधान कौशल्या मांझी, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने वर्चुअल संबोधन में कहा कि वर्ष 2024-25 तक प्रदेश के हर आवासहीन गरीब का खुद का पक्का मकान होगा। इसके लिए 10 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान रखा गया है। उन्होंने कहा कि अगले तीन साल तक आवासहीन गरीबों के लिए हर वर्ष प्रदेश में 10 लाख पक्के मकान बनाए जाएंगे।

जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन उन आवासहीन गरीबों के जिंदगी का सबसे महत्वपूर्ण दिन है जो आज अपने खुद के घर में रहने के लिए गृहप्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दिनरात गरीब, मजदूरों और किसानों के लिए काम कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में सभी वर्गों के लिए जनहितैषी एवं जन कल्याणकारी योजना व कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। विधायक श्री जायसवाल ने भी उपस्थित जनों को संबोधित किया। इससे पहले प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा सहित अतिथियों ने मां सरस्वती का पूजन व दीप प्रज्जवलन और कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला पंचायत सीईओ श्री गोमे ने जिले में आयोजित गृहप्रवेश कार्यक्रम पर विस्तृत प्रकाश डाला।

### बड़वारा में सर्वाधिक हितग्राहियों ने किया गृहप्रवेश

जिले के विकासखंडों में सर्वाधिक 5 हजार 583 हितग्राही विकासखंड बड़वारा के हैं, जिन्होंने मंगलवार को गृहप्रवेश किया। जबकि रीठी विकासखंड के 3066 हितग्राहियों ने, विजयराघवगढ़ के 3580 हितग्राहियों और कटनी विकासखंड के 2094 हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना से बने नए घर में गृहप्रवेश किया। वहीं बहोरीबंद के 4287 और ढीमरखेड़ा विकासखंड के 4420 हितग्राहियों ने सजे संवरे नए घरों में प्रवेश किया। वहीं जिले की समस्त 407 ग्राम पंचायतों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ और हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बने नवीन भवनों में गृहप्रवेश कराया गया।

### पेयजल सुविधा के लिए दी स्वीकृति, पेंशन शिविरों का आयोजन करने के निर्देश

कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री जायसवाल ने जुहली गांव में पेयजल समस्या सहित अन्य मांगें रखीं। जिसपर प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने मौके पर ही अधिकारियों को तीन दिन के अंदर गांव में नवीन नलकूप का खनन कराने के साथ ही टंकी निर्माण के लिए भी राशि की स्वीकृति प्रदान की। साथ ही जुहली के हाईस्कूल का उन्नयन कर हायर सेकंडरी स्कूल की स्थापना भी जल्द कराने का आश्वासन दिया। वहीं अंधा तालाब से बाईपास तक सड़क निर्माण के लिए भी प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने स्वीकृति प्रदान की। प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन व गरीबी रेखा कार्ड बनाने के लिए विधानसभा स्तर पर शिविर आयोजित करने के निर्देश भी प्रदान किए।

### विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को मिला लाभ

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा सहित अतिथियों ने मंच से प्रतीक स्वरुप विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभांवित किया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 323, लाड़ली लक्ष्मी योजना के 518, आयुष्मान के 6306, गांव की बेटी के 48, कल्याणी पेंशन के 13, खाद्यान्न पर्ची के 652, स्ट्रीट वेंडर व सीसीएल के दो-दो हितग्राहियों को लाभान्वित किया। प्रभारी मंत्री सहित विधायकों ने कार्यक्रम स्थल में अशोक का पौधा रोप कर पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रामीणों से भी पौधे रोपने व उनका संरक्षण करने की अपील की। इस अवसर पर एसडीएम कटनी प्रिया चन्द्रावत, जनपद पंचायत सीईओ आर.एन. सिंह, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायतों में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत गृहप्रवेशम कार्यक्रम के राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले की समस्त ग्राम पंचायत में भी किया गया। इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, हितग्राहियों, ग्रामीणों ने छतरपुर में आयोजित राज्यस्तरीय राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का लाईव संबोधन वर्चुअली देखा व सुना।

### प्रभारी मंत्री ने कराया पुनीराम का गृहप्रवेश

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत ग्राम जुहली में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के समापन के बाद जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही पुनीराम बर्मन के नए बने घर पहुंचकर पारंपरिक तरीके से गृहप्रवेश कराया। रंगोली व रंग बिरंगी चित्रकारी से सजे साफ-सुथरे घर की सुंदरता देखते ही बनती थी। यहां प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने पुनीराम को तिलक लगाकर



माला पहनाया और नए मकान की पूरे परिवार को बधाई दी। उन्होंने बालिका के साथ फीता काटकर गृहप्रवेश कराया और पुनीराम के नए मकान का अवलोकन भी किया। इस दौरान विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय, जनपद पंचायत कटनी के प्रशासकीय समिति प्रधान शैलेष कन्हैया तिवारी, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### राजकिशोर दुबे का जनपद सीईओ ने कराया गृहप्रवेश

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिले भर में हितग्राहियों को पारंपरिक तरीके से गृहप्रवेश कराए गए। जुहली ग्राम में जनपद पंचायत कटनी सीईओ आरएन सिंह ने उत्सवी माहौल में राजकिशोर दुबे को गृहप्रवेश कराया। दीप जलाकर और रंगोली सजाकर पूजन करते हुए राजकिशोर ने पत्नी सहित अपने नए मकान में प्रवेश किया। इस दौरान जनपद पंचायत कटनी के अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**संक्षिप्त समाचार**

## आउटसोर्स बिजली कर्मचारियों को मिलेगा बोनस, हर्ष की लहर

### प्रति वर्ष मिलेगा 7 हजार रुपये तक का बोनस

**कटनी।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि बिजली कम्पनियों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को प्रति वर्ष 7 हजार रुपये तक का बोनस दिया जायेगा। बोनस का भुगतान कांट्रेक्टर्स द्वारा द पेमेंट ऑफ बोनस एक्ट–1965 के तहत मासिक आधार पर किया जायेगा। कांट्रेक्टर्स द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों को बोनस देने का प्रमाण–पत्र देने पर विद्युत कम्पनी द्वारा उसे बोनस राशि का भुगतान किया जायेगा। यह निर्णय इस संबंध में गठित समिति की अनुशंसा पर लिया गया है। बोनस का भुगतान आउटसोर्स कर्मचारी के कुल वेतन का 8.33 प्रतिशत और अधिकतम 7 हजार रुपये तक प्रति वर्ष किया जायेगा। कर्मचारी का कुल वेतन 21 हजार रुपये प्रति माह से अधिक नहीं होना चाहिये। सर्विस चार्जेस, ईपीएफ और ईएसआईसी का भुगतान बोनस राशि पर नहीं करना होगा।

## मुख्यमंत्री 3 अप्रैल को करेंगे वीसी के माध्यम से जलाभिषेक अभियान को लेकर संबोधन

### कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये व्यवस्थाओं के निर्देश

**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 3 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जलाभिषेक अभियान के संबंध में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं, सीएमसीएलडीपी के छात्र–छात्राओं, वॉलेन्टियर्स तथा परिषद् के नेटवर्क से जुड़े अन्य स्वैच्छिक संगठनों को संबोधित करेंगे। इस संबंध में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले के समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारीए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया है कि वे विकासखण्ड मुख्यालय के उपयुक्त स्थान पर शामिल होने वाले संबंधितों के लिये बैठक व्यवस्था एवं कॉन्फ्रेंसिंग व प्रसारण सहित संवाद के लिये अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें।

## प्रधानमंत्री कल करेंगे परीक्षा पे चर्चा

### प्राचार्य नवोदय विद्यालय बड़वारा एवं केन्द्रीय विद्यालय एनकेजे ने की नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील

**कटनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 1 अप्रैल 2022 को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें प्रधानमंत्री शामिल होंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, आकाशवाणी सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी प्रातः 11 बजे से होगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिये परीक्षा उत्सव के रुप में विभिन्न विद्यालयों के चुने हुये छात्रों से प्रत्यक्ष संवाद भी करेंगे। इस संबंध में केन्द्रीय विद्यालय एनकेजे तथा जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में भी विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों व अन्य नागरिकों के लिये कार्यक्रम का प्रसारण दिखाने की व्यवस्था की गई है। विद्यार्थियों के बहुमुखी एवं बहुआयामी विकास को ध्यान में रखते हुये सभी से इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता करने की अपील प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय एनकेजे तथा प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा द्वारा की गई है।

## सितम्बर 2022 तक नि:शुल्क होगा अतिरिक्त खाद्यान्न वितरण

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में 4.99 करोड़ हितग्राही होंगे लाभान्वित

**कटनी।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में गरीबों को नि:शुल्क अतिरिक्त खाद्यन्न का वितरण सितम्बर 2022 तक किया जाएगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने बताया कि केन्द्रीय खाद्य एवं लोक वितरण विभाग द्वारा सभी प्रदेशों को इस संबंध में पत्र लिखा गया है। मंत्री श्री सिंह ने बताया कि कोरोना संक्रमण के दौरान प्रारंभ की गई इस योजना में मार्च 2022 तक नि:शुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है, जिसमें 5 कि.ग्रा. प्रति माह, प्रति व्यक्ति के मान से नि:शुल्क खाद्यान्न वितरित किये जाने वाले खाद्यान्न का लाभ प्रदेश के 4 करोड़ 99 लाख हितग्राहियों लाभान्वित हो रहे। खाद्य मंत्री ने कहा कि 'वन नेशन–वन राशन कार्ड' योजना में प्रवासी हितग्राही पोर्टेबिलिटी की सुविधा का लाभ अधिक से अधिक प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना में राशन की दुकानों से गैर फोर्टिफाइड चावल का ही वितरण किया जा सकेगा।

## सायना किड्स स्कूल में शुरू हुआ चार दिवसीय समर कैंप





**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल की यूनिट सायना किड्स स्कूल कटाए घाट मोड़ बरंगवा कटनी में 3 साल से लेकर 12 साल तक के बच्चों का समर कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप की गतिविधियों में भाग लेते हुए बच्चों के लिए मजेदार, उत्साहपूर्ण, प्रेरणात्मक, सीखने और कौशल विकास का एक आदर्श मिश्रण देने के लिए के उद्देश्य कैंप को डिज़ाइन किया गया है। बच्चे तरह-तरह की कलाकारी सीख कर क्रिएटिव हो रहे हैं। चार दिनों 28 मार्च से 31 मार्च के लिए लगे इस कैंप में बच्चों को हर तरह से तैयार किया जा रहा हैए जिसमें डांस की अलग अलग विधाएं, आर्ट एंड क्राफ्ट और स्पोकन इंग्लिश सिखाई जा रही है। स्कूल में चल रहे समर कैंप के टीम मेंबर पंकज खरे बताते है कि इस कैंप में 3 से 7 के बच्चों और 7 से 12 साल के बच्चों के लिए कैंप अरेंज किया गया है। इसमें डांस, पेपर क्राफ्ट, क्ले मोल्डिंग क्लास, फानिक्स शब्द सीखने की क्लास शुरू की गई है। इसमें बच्चों की ग्रुप डिस्कशन भी किया जाता हैए जिससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़े। कैंप में बच्चों को मौज मस्ती के साथ अलग-अलग विधाएं सिखाई जा रही है। किड्स स्कूल की हेडमिस्ट्रेस भारती शर्मा ने बताया कि स्कूल में समर कैंप का मुख्य उद्देश्य है बच्चों में सहयोग की भावना के साथ पढ़ने- लिखने व पुस्तिक ज्ञान के साथ-साथ उनमें व्यवहारिकए सामाजिक ज्ञान देना है। समर कैंप के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जा रहा है। कैंप में बच्चों को नृत्यए व चित्रांकन आदि के संबंध में जानकारी दी गई। प्रेरणा अरोरा बताती है फानिक्स शब्द ध्वनियों के मेल से बने हैं। अंग्रेजी भाषा में 44 ध्वनिया हैं लेकिन केवल 26 अक्षर हैं। फानिक्स बच्चों को ध्वनियों को पहचानने में मदद करती है फानिक्स ध्वनियों का अध्ययन है। बच्चों को फानिक्स का उपयोग करके पढ़ना और लिखना सिखाया जाता है। कैंप को सफल बनाने में विनती ननकानी, ऋचा संगतानी, पुष्पा बर्मन, संस्क्रति त्रिपाठी, जुली राव आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय भूमिका रहने वाली हैं।

**बच्चों में होगा क्रिएटिविटी के साथ प्रेरणात्मक, सीखने और कौशल विकास का एक आदर्श मिश्रण**

## अनुविभाग स्तरीय उपार्जन समिति गठित

**कटनी।** अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने रबी विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये खरीदी में प्राप्त होने वाली समस्याओं के निराकरण एवं पर्यवेक्षण कार्य के दृष्टिगत अनुविभाग स्तरीय पंजीयन एवं उपार्जन समिति का गठन कर आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत अनुविभाग स्तरीय उपार्जन समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अध्यक्ष होंगे। वहीं तहसीलदार, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारिता विस्तार अधिकारी, गोदाम प्रभारी एमपीडबल्यूएलसी एवं गोदाम प्रभारी एमपीएससीएससी को सदस्य नियुक्त किया गया है। वहीं सहायक एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी इस समिति के समन्वयक होंगे।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिये कृषक स्वयं कर सकेंगे स्लॉट बुकिंग

### ई-उपार्जन पोर्टल पर बुक किये गये स्लॉट की वैधता अब हुई 7 कार्य दिवस

**कटनी।** रबी विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिये कृषकों को एसएमएस का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जिला आपूर्ति अधिकारी कटनी ने बताया कि शासन द्वारा गेहूं खरीदी के लिये किसान द्वारा निर्धारित तिथि का स्लॉट बुकिंग करने की व्यवस्था ई-उपार्जन पोर्टल पर की गई है। किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये पूर्व में जारी निर्देशों के अनुसार ई-उपार्जन पोर्टल पर बुक किये गये स्लॉट की वैधता अवधि 3 कार्य दिवस से बढ़ाकर अब 7 कार्य दिवस कर दी गई है। कृषक स्वयं के मोबाईल, ग्राम पंचायत, उपार्जन केन्द्र पर निःशुल्क स्लॉट बुकिंग कर सकते हैं। इसके साथ ही एमपी ऑनलाईन, सीएससी, लोक सेवा केन्द्र, इंटरनेट कैफे पर प्रति स्लॉट बुकिंग का शुल्क 10 रुपये निर्धारित किया गया है। निर्धारित राशि से अधिक राशि कृषकों से नहीं ली जा सकेगी।

## सेवा कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक







**कटनी।** राजीव गाँधी कला व वाणिज्य महाविद्यालय रीठी की राष्ट्रीय सेवा योजना का सत्र 2021-22 का 7 दिवसीय साप्ताहिक विशेष शिविर स्वास्थ जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ थीम पर डॉ. अशोक कुमार मराठे समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के निर्देशन व डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह जिला संगठक रासेयो शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के मार्गदर्शन में गोदग्राम उमरिया में आयोजित हुआ। शिविर में प्रतिदिन सुबह रासेयो के स्वयं सेवकों द्वारा प्रेरणास्पद नारों के साथा निकाली जाती थी इसके बाद गांव की साफ-सफाई एवं सोख्ता निर्माण होता था। दोपहर को प्रतिदिन बौद्धिक परिचर्चा में श्रम सीकर कार्यक्रम व संध्या कालीन समय में नुक्कड़ नाटक आयोजित किये जाते थे। कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य अतिथि समाज सेवी कोमल प्रसाद नामदेव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय प्राथमिक विद्यालय उमरिया की प्रभारी प्रधानाध्यापक अख्तरजहां ने की। समापन दिवस पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष भरत पटेल ने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का देश व समाज में किस प्रकार से योगदान रहता है इस पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेंद्र प्रताप सिंह राजपूत ने वैष्विक महामारी कोरोना के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष जित्तू पटेल ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उपप्राचार्य डॉ. मनोज खरे ने वातावरण में हो रहे परिवर्तन से प्रकृति पर कैसे प्रतिकूल प्रभाव हो रहे है इसके लिए वृह्द वृक्षारोपण क्यों जरूरी है इस पर प्रकाश डाला। कला संकाय विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति राजपूत ने बेटी बचायो, बेटी पढ़ाओ तथा कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने साथर्क कदम उठाने की बात कही।

### राजीव गांधी कॉलेज रीठी के 7 दिवसीय रासेयो का समापन

## सन्यासी बाबा चक्की घाट में विशाल भंडारा

### नौ दिवसीय पंच कुंडीय शिवशक्ति महायज्ञ एवं श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का समापन

**कटनी।** कुठला क्षेत्र में पन्ना मोड़ के नजदीक चमड़ा गोदाम मार्ग पर स्थित सिद्ध सन्यासी बाबा स्थल पर आयोजित नौ दिवसीय धर्म समागम का बुधवार को समापन है। श्री पंच कुंडीय शिवशक्ति महायज्ञ एवं श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ 22 मार्च को कलश शोभायात्रा से हुआ। गत 30 मार्च को पूर्णाहुति, कन्या भोज एवं विशाल भंडारा के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर धर्म प्रेमी श्रद्धालु जनता, माताओं, बहनों बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुजन स्थल कुठला हड्डी गोदाम से कटनी डिग्री कालेज नई बस्ती मार्ग पर चक्की घाट के पास स्थित सिद्ध सन्यासी बाबा प्रांगण में पहुंच कर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सिद्ध सन्यासी बाबा के आशीर्वाद एवं साधु संतों के सानिध्य में चल रहे यज्ञ व अनुष्ठान से प्रेरणा लेकर क्षेत्रीय भूस्वामियों द्वारा सन्यासी बाबा प्रांगण का विस्तार करते हुए भव्य मंदिर के निर्माण की भी घोषणा की गई। नौ दिवसीय श्री पंच कुंडीय शिवशक्ति महायज्ञ एवं श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ नागा बाबा महंत भूपत पुरी महाराज के संचालन में आयोजित किया गया। जिसमें श्री पंच कुंडीय शिवशक्ति महायज्ञ का पुनीत कार्य अध्यन केंद्र संपूर्णानंद विश्वविद्यालय बनारस से आए यज्ञाचार्य पंडित सत्यम जी महाराज एवं श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ धर्मनगरी अयोध्या धाम से आईं रामकथा प्रवक्ता सुश्री अंशिका तिवारी के सानिध्य में आयोजित किया गया। यज्ञ में संत समाज से श्री रामानंद बाल योगी महाराज, महंत सुराजपुरी महाराज, बालयोगी अर्जुन गिरी महाराज, बालयोगी शैलेंद्र गिरी महाराज भी शामिल हुए।

# फार्मूला तैयारः अनफिट बैठने वाले माननीयों के टिकट काटने की तैयारी

## मध्यप्रदेश में भी यूपी व उत्तराखंड मॉडल पर भाजपा लड़ेगी चुनाव

कटनी। अपने गढ़ को सुरक्षित बनाए रखने के लिए भाजपा ने अभी से अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां पूरी ताकत के साथ अभी शुरू कर दी है। इसके लिए संगठन द्वारा एक फार्मूला तैयार किया गया है, जो भी मौजूदा विधायक इस पर खरा नहीं उतरेगा, उसका टिकट काट कर नए चेहरे को मौका दिया जाएगा। कटनी जिले में चार विधानसभा क्षेत्र हैं जिनमें से फिलहाल 3 पर भाजपा का कब्जा है। तीनों ही क्षेत्रों के विधायक अगले साल नवम्बर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चौकन्ने हो चुके हैं और इसी हिसाब से रणनीति तय कर रहे हैं लेकिन इस बार सर्वाधिक महत्वपूर्ण टिकट की दौड़ होगी। सबसे ज्यादा प्रेशर मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र पर है क्योंकि यहां टिकट के मामले में एक अनार सौ बीमार जैसी स्थिति है। सूत्रों की मानें तो अब तक जो फॉर्मूला तय किया गया है, उस पर अमल किया गया तो प्रदेश में मौजूदा आधा सैकड़ा पार्टी विधायकों के टिकट कटना तय हैं। यही नहीं यह फार्मूला उन पार्टी नेताओं पर भी लागू होगा जो बीता चुनाव हार चुके हैं।

भाजपाई सूत्रों के मुताबिक मध्यप्रदेश की भाजपा अब पूरी तरह से इलेक्शन मोड में आ चुकी है। लगभग डेढ़ साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव पर पार्टी की पूरी नजर है। सूत्रों का मानना है कि इस बार जैसे-तैसे जोड़-तोड़ से कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर पार्टी प्रदेश की सत्ता में वापसी तो कर चुकी थी किंतु अगले चुनाव में मुकाबला आसान नहीं होगा। एम.पी. में कोई तीसरा दल प्रभावी नहीं है, लिहाजा कांग्रेस और भाजपा यहां एक-दूसरे के विकल्प हैं। पिछले विधानसभा चुनाव पर नजर डाली जाए तो कांग्रेस ज्यादा सीटें लाकर सरकार बनाने में सफल हो गई थी। सिंधिया गुट की बगावत ने भाजपा को 15 माह बाद सत्ता पर अवश्य काबिज करा दिया किंतु भाजपा यह नहीं भूली है कि जनता ने उसे सत्ता से बेदखल ही कर दिया था। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखकर पार्टी इस बार कोई कसर छोड़ना नहीं चाह रही। सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने उत्तराखंड में जिस चुनावी मॉडल पर चलकर दो बार सत्ता में वापसी की है उस पर म.प्र. में भी अमल करने का फैसला कर लिया गया है। यही वजह है कि संगठन व सत्ता मिलकर अब हर विधानसभा सीट पर मौजूदा विधायकों के उत्तराधिकारी को तलाश कर रही है। इसकी वजह है चुनाव के समय नए चेहरों के लिए की जाने वाली मशक्कत से मुक्ति पाना। इसके लिए रणनीति पर काम शुरू कर दिया गया है। इसमें सबसे बेहद महत्वपूर्ण चुनाव प्रचार-प्रसार के तौर तरीकों से लेकर टिकट बंटवारे तक का फार्मूला है। दरअसल अभी से यह तैयारी राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेश संगठन द्वारा की जा रही है। उन नेताओं की चुनाव लड़ने की मंशा पर भी पानी फिरना तय माना जा रहा है जो मंत्री रहने के बाद भी पिछला चुनाव हार गए थे।

### ऐसे नेताओं के नाम पर भी नहीं किया जाएगा विचार

संगठन इस बार ऐसे नेताओं के नाम पर टिकट के लिए विचार नहीं करने का मन बना चुका है जो बीते साढ़े तीन साल तक संगठन और सरकार की गतिविधियों से खुद को पूरी तरह से दूर किए रहे हैं। इस फार्मूला पर मौजूदा और पूर्व विधायकों को भी परखा जाएगा। यही वजह है कि विधायक दल की बैठक हो या संगठनात्मक बैठकें विधायकों को अपने-अपने क्षेत्रों में जनता से सीधा संवाद रखने और सक्रियता बनाए रखने के लगातार निर्देश दिए जाते रहे हैं। इसके अलावा समय-समय पर अपने बयानों की वजह से संगठन और सरकार के सामने मुश्किलें खड़ी करने वाले नेताओं का टिकट कटना भी तय माना जा रहा है। पार्टी पहले से ही वयोवृद्ध हो चुके नेताओं को चुनाव से दूर रखने का फैसला कर चुकी है, जिसकी वजह से कई नेताओं का इसकी जद में आना तय है, तो वहीं गंभीर बीमारी से जूझ रहे विधायकों के टिकट कटना भी तय माने जा रहे हैं। कहा तो यह भी जा रहा है जो नेता बीते चुनाव में अधिक मतों से हारे हैं या फिर मंत्री रहने के बाद भी चुनाव नहीं जीत सके हैं उनसे भी पार्टी इस बार चुनाव में परहेज करेगी। इसके अलावा संगठन के महत्वपूर्ण पदों पर जमे नेताओं को भी टिकट नहीं दिया जाएगा। जो जिलाध्यक्ष टिकट की दौड़ में होगा उससे पहले इस्तीफा ले लिया जाएगा।

## दहेज लोभी पति, सास, ससुर को आजीवन कारावास

### दशम अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा

कटनी। न्यायालय दशम अपर सत्र न्यायाधीश ने दहेज लोभी पति संतोष चौधरी, ससुर लल्ली और सास बैसखिया बाई को धारा 498, 304 बी और दहेज प्रतिषेध अधिनियम में 2 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास से दण्डित किया है। शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक जे.पी. चौधरी ने पैरवी की। मामला संक्षेप में इस प्रकार है 17 सितम्बर 2015 को बरही निवासी सुलोचना पत्नी संतोष चौधरी की मौत आग से जलकर संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई थी। मर्ग कायम कर विवेचना में एसडीओपी ने जब मायके पक्ष के सदस्यों से बात की तो मृतिका के माता-पिता और सदस्यों ने बताया कि 5 मई 2009 को हिन्दू रीति रिवाज के साथ सुलोचना की शादी पड़रिया निवासी संतोष के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज उत्पीड़न को लेकर उनकी बेटी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। मोटरसाइकिल की मांग को लेकर अक्सर मारपीट भी की जाती थी। जिससे बेटी ने आत्मघाती कदम उठाया। तीनों अभियुक्तों को धारा 498ए में 3 वर्ष का सश्रम कारावास और एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। राशि नहीं पहुंचाने पर एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। वहीं धारा 304 बी में आजीवन कारावास, धारा 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में 2 वर्ष का सश्रम कारावास और एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। राशि नहीं चुकाने पर एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

## यातायात पुलिस को मिली इंटरसेप्टर वाहन की सौगात

### ओवरस्पीड के शौकीनों पर कसेगा शिकंजा,वाहन में स्पीड रडार, साउंड मीटर सहित अन्य कई तकनीकी सुविधाएं



कटनी। शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने को लेकर यातायात पुलिस को इंटरसेप्टर वाहन की सौगात दी गई है। जिससे अब 800 मीटर की दूरी से वाहनों की ओवर स्पीड मापी जा सकेगी तथा 300 मीटर की दूरी से यातायात पुलिस का यह वाहन नंबर प्लेट देख सकेगा। वाहन में स्पीड राडार साउंड मीटर सहित अन्य कई तकनीकी सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। जिससे यातायात की बहाली में किसी भी प्रकार की कठिनाई ना आए। यातायात पुलिस को मिले इस नए अत्याधुनिक वाहन को पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय से हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान यातायात प्रभारी विनोद दुबे, सूबेदार उमेश दुबे, मोनिका खड़से, सोनम उइके, आरक्षक संजय सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। शहर के चौक-चौराहों में लग रहे घंटों जाम तथा ओवर स्पीडिंग की वजह से हो रही दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए अब मध्य प्रदेश सरकार ने यातायात पुलिस को नई इंटरसेप्टर वाहन उपलब्ध कराई है। जिससे वाहनों की तेज गति को मापते हुए उसे कम कराया जा सके तथा अपराधियों को पकड़ने में भी पुलिस विभाग को आसानी हो।

### रात में भी होगी कार्रवाई में आसानी

इसके तहत इस इंटरसेप्टर वाहन में साउंड मीटर स्पीड राडार सहित अन्य कई तकनीकी व्यवस्थाएं बनाई गई है। वाहन में लगे कैमरों की सहायता से यातायात पुलिस 300 मीटर की दूरी से वाहनों की नंबर प्लेट में लिखे नंबर आसानी से पढ़ सकेगी। 800 मीटर की दूरी से ओवर स्पीडिंग करने वाले वाहनों को भी मापा जा सकता है। जिससे बाद में उनकी गति पर सुधार करने का काम आसानी से हो सकेगा। इसके अलावा इस वाहन की तकनीकी सुविधाओं के चलते रात में भी सुगमता के साथ यातायात पुलिस को कार्रवाई में आसानी होगी।

### सड़क दुर्घटनाएं भी होंगी कम

गौरतलब है कि ज्यादातर सड़क हादसों में वाहनों की ओवरस्पीडिंग मुख्य वजह होती है। इस वाहन के कटनी पुलिस के बेड़े में शामिल होने से कहीं ना कहीं तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही संभव हो सकेगी।

## 7 दिनों के लिए मझगवां रेल फाटक बंद

### हरदुआ से होगा वाहनों का आवागमन, रेलवे के निर्णय से बढ़ी वाहन चालकों व राहगीरों की परेशानी



कटनी। कटनी-रीठी मार्ग पर स्थित मझगवां रेल फाटक को ओवर हालिंग कार्य के चलते रेलवे ने 7 दिनों के लिए बंद कर दिया है। कल 30 मार्च से 5 अप्रैल तक रेल फाटक से आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है हालांकि रेलवे ने फाटक से आवागमन बंद रहने पर वैकल्पिक मार्ग सुझाया है लेकिन बिना किसी पूर्व सूचना के एकाएक रेल फाटक से आवागमन बंद कर दिए जाने के कारण वाहन चालकों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में सहायक मंडल इंजीनियर प्रकाश खेवले ने बताया कि उक्त अवधि में रेल फाटक बंद रहने पर वाहन चालक आवागमन हेतु रीठी से कटनी की तरफजाने हेतु हरदुआ समपार फाटक क्रमांक 107 से होकर कटनी आएंगे। इसी तरह कटनी से रीठी की ओर जाने हेतु भी पन्ना मोड़ से मोड़कर समपार फाटक क्रमांक 107 हरदुआ से होकर रीठी की तरफसे जाएंगे। रेल अधिकारी के मुताबिक रेलवे ट्रैक की ओवर हालिंग के चलते रेल प्रशासन ने सात दिनों के लिए उक्त मझगवा फाटक को 30 मार्च से 5 अप्रैल तक बंद किया है। उधर रेल फाटक से आवागमन बंद होने तथा यहां नवनिर्माणाधीन ओवर ब्रिज से आवागमन प्रारंभ न होने के कारण वाहन चालकों व राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। जिसमें रेलवे के द्वारा सुझाए गए वैकल्पिक मार्ग की जानकारी न होने के कारण पहले वाहन चालक व राहगीर रेल फाटक तक आते हैं और फिर यहां से लौट कर वैकल्पिक मार्ग से जाते हैं। जिससे लोगों का अनावश्यक समय खराब हो रहा है।




## चार दिन से नहीं हो पा रही रजिस्ट्री

### सर्वर डाउन होने से बढ़ी परेशानी, ई-स्टाम्प सहित ऑनलाइन काम प्रभावित

कटनी। मार्च के अंतिम सप्ताह में सर्वर डाउन के कारण रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। पिछले चार दिनों से सर्वर डाउन होने के कारण लोग परेशान हैं। सर्वर डाउन होने से रजिस्ट्री से लेकर ई-स्टाम्प तक सभी ऑनलाइन कार्य प्रभावित हो रहे हैं। रजिस्ट्री कराने के लिए जिला पंजीयक, उप पंजीयक मुख्यालय कार्यालय पहुंच रहे लोग पिछले चार दिनों से काफी परेशान है। सर्वर डाउन से सर्विस प्रोवाइडरों को भी काफी परेशानी हो रही है। सर्वन डाउन होने से एमपीआईजीआर वेबसाइट नहीं चल रही है। इसी साइट से रजिस्ट्री से संबंधित अधिकांश कार्य होते हैं। सर्वर डाउन होने से न तो स्लॉट बुक हो पा रहे है और न ही रजिस्ट्री हो पा रही है। ई-स्टाम्प भी नहीं जनरेट हो पा रहे हैं। ऑनलाइन होने वाला पूरा कार्य सर्वर डाउन से प्रभावित हो गया है। रजिस्ट्री कराने कार्यालय पहुंच रहे लोगों को पिछले चार दिनों से परेशानी हो रही है। वहीं दूसरी ओर सर्विस प्रोवाइडर भी सर्वर डाउन होने से परेशान है। मार्च के अंतिम सप्ताह में रजिस्ट्री कराने के लिए जिला पंजीयक, उप पंजीयक मुख्यालय कार्यालय पहुंच रहे लोग सर्वर डाउन होने से काफी परेशान है।

## हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने दीवार हटाने किया प्रदर्शन

# फिर गरमाया मंदिर के सामने दीवार खड़ी करने का मुद्दा

### दीवार में लगी सांसद, रेल जीएम, विधायक, महापौर के नाम की लोकार्पण पाट्टिका तोड़ी, जमकर हुई नारेबाजी





कटनी। शहर के मुख्य रेलवे स्टेशन कटनी जंक्शन के बाहर स्थित मंदिर के सामने दीवार खड़ी करने का मामला एक बार फिर तूल पकड़ने लगा है। 7 साल पहले रेलवे प्रबंधन द्वारा मंदिर के सामने दीवार खड़ी कर दी गई थी। तभी से लगातार हिंदू संगठनों के द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है तथा दीवार हटाए जाने की मांग की जा रही है। कई बार रेलवे के अधिकारियों ने जिला प्रशासन ने व जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही दीवार को हटा दिया जाएगा लेकिन आज तक दीवार नहीं हटाई गई। हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने 30 अप्रैल के लिए चेतावनी दी थी कि यदि प्रशासन व रेलवे प्रबंधन मंदिर के सामने से दीवार को नहीं हटाता तो वह खुद ही दीवार को तोड़ देंगे। बुधवार दोपहर दीवार तोड़ने के लिए सैकड़ों की संख्या में हिंदु संगठन के लोग पहुंचे तभी उन्हें पुलिस प्रशासन ने रोक लिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने दीवार में लगी लोकार्पण पट्टिका को हथोड़ा मार करके तोड़ दिया। इसमें तत्काली सांसद, विधायक, महापौर, जीएम आदि के नाम का उल्लेख था। जब प्रदर्शनकारी दीवार को तोड़ने का प्रयास करने लगे तो पुलिस-प्रशासन ने दीवार को तोड़ने से रोका। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की।

### एक युवक के पेट्रोल उड़ेलते ही मचा हड़कंप

इस दौरान मंदिर के सामने से दीवार हटाने की मांग व तोड़ने का नेतृत्व हिंदू संगठन से इंद्र मिश्रा कर रहे थे। उन्होंने अपने ऊपर पेट्रोल उड़ेल कर आत्महत्या करने का भी प्रयास किया। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के साथ इस तरह की बर्बरता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जो भी अधिकारी दीवार को न हटने में मदद कर रहे हैं उन्हीं से अब दीवार हटवाई जाएगी। हिंदू समाज ज्यादा आक्रोशित है। आगे फिर सख्त रुख अख्तियार किया जाएगा। जीएम, डीआरएम, कलेक्टर, एसडीएम सहित जनप्रतिनिधियों से मांग की जा चुकी है लेकिन कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जा रही। भगवान के मंदिर के सामने दीवार खड़ा किया जाना बिल्कुल भी अनुचित है इसे हम हर हाल में हटवा कर रहेंगे।

### स्टेशन चौक में फूंका रेल प्रबंधन का पुतला

इस दौरान प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए दिलबहार चौराहा पहुंचे। यहां पर रेलवे प्रबंधन का पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे इंद्र मिश्रा ने कहा कि जब तक दीवार टूट जाती तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी अजय सिंह, जीआरपी थाना प्रभारी बलराम यादव, आरपीएफ पोस्ट प्रभारी अनिल कुमार दीक्षित सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान मोनू यादव, सागर तोमर, अर्जुन पटेल सहित बड़ी संख्या में हिंदू संगठन से जुड़े लोग मौजूद रहे।


**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विजयराघवगढ़/बरही जिला-कटनी म.प्र.**

क्रमांक/268/स्टेनो/अ.वि.अ./2022 विजयराघवगढ़ दिनांक 17.02.2022

**समाचार पत्र में प्रकाशन बाबद**

उक्त संबंध में लेख है कि इस न्यायालय में प्रचलित अपील प्रकरण 0122 /अपील 2018-19 ग्राम पडरेही पटवारी हल्का नंबर 17 तहसील विजयराघवगढ़ जिला कटनी में पक्षकार वृंदावन पिता शिवप्रसाद पटेल साकिन अमरयापार कैमोर तहसील विजयराघवगढ़ जिला कटनी बगैरह विरुद्ध योगेश्य पाठक पिता रामस्वरूप पाठक बगैरह निवासी ग्राम आदेश कालोनी राम मनोहर लोहिया वार्ड 4 कटनी अनावेदक उत्तरवादीगणों को रजिस्ट्री द्वारा उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र रजिस्ट्री द्वारा भेजा गया जिसके उपरान्त उपस्थित नहीं होना पाया अतः उपस्थित हेतु पत्र के साथ संलग्न आवेदन पत्र में अनावेदकों के उपस्थित हेतु समाचार में प्रकाशन हेतु भेजा जा रहा है।

**अपीलार्थीगण**

1. वृंदावन पटेल वल्द शिव प्रसाद पटेल निवासी ग्राम अमरैया, तहसील वि.गढ़, जिला कटनी म. प्र. 2. रोहित सिंह चौहान वल्द स्व. श्री कृष्ण कुमार चौहान निवासी एसीसी कॉलोनी एनटीआरटी 136 कैमोर तहसील विजयराघवगढ़, जिला कटनी म.प्र.

**अनावेदक**

1. योगेश पाठक पिता स्व. रामस्वरूप पाठक, उम्र 40 साल 2. वैशाली पाठक पिता स्व. रामस्वरूप पाठक 3. बृजेश पाठक पिता स्व. रामस्वरूप पाठक सभी निवासी राममनोहर लोहिया वार्ड क्र. 4 आदर्श कॉलोनी जिला कटनी म. प्र. 4. नीतू रजक पत्नी रामा रजक, उम्र लगभग 45 साल निवासी अमरैयापार कैमोर, तहसील वि.गढ़, जिला कटनी।

अनुविभागीय अधिकारी रा. (राजस्व) विजयराघवगढ़/बरही जिला कटनी



ADMISSION OPEN

For Session 2022-23

किरण नेशनल पब्लिक स्कूल

Kiran National Public School

Smart class with Mittsure

Nursery to 8th class ( English Medium)

Requirement for Teachers- English ,Maths , Hindi , Science , Computer, Saskrit , Office clerk & Driver-8 seats

Mohan nagar Kailwara Road Katni

Contact No.:- 9977500636



पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009


## एटीएम बदलकर 82 हजार की ठगी

कटनी। माधवनगर थाना अंतर्गत कलेक्ट्रेट के सामने स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम काउंटर में एटीएम बदलकर 82 हजार रूपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हाऊसिंग बोर्ड कालोनी विश्राम बाबा निवासी 38 वर्षीय प्रेमनारायण पिता साधूलाल शर्मा 11 मार्च की दोपहर ढाई बजे कलेक्ट्रेट के सामने स्थित एसबीआई के एटीएम काउंटर में जरूरत के हिसाब से रकम निकालने पहुंचा था। इसीदौरान यहां पहले से मौजूद अज्ञात युवक ने उसका एटीएम बदल लिया और फिर इसके बाद उसके खाते से 82 हजार रूपए निकल गए। अपने साथ हुई धोखाधड़ी शिकायत प्रेमनारायण ने पुलिस से की। पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात युवक के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला धारा 420 के तहत दर्ज कर लिया है।


फ्लैट खाली है

नदीपार स्थित कृष्णा कोल्ड स्टोरेज में 1 बीएचके फ्लैट खाली है। पार्किंग, नल, बिजली पानी सहित, इच्छुक संपर्क करें। अमित मो. 7566020612

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033






आर्टिफिशल इन्टेलीजेन्स के साथ कटनी की प्रथम अति आधुनिक 32-96 स्लाइस 2021 मॉडल सीमन्स कम्पनी की मशीन



एडवांस्ड

सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर

-32-96 स्लाइस की मशीन होने के कारण एक्सपोजर समय अत्यंत कम

-सी टी हेड 6 सेकेंड

-सी टी चेस्ट 20 सेकेंड, -सी टी एबडामन 30 सेकेंड, -कम एक्सपोजर कम रेडीयेशन

आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं

जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी

9893723087, 8319994375 फोन 07622-494511



JOHNSON

Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)